

### एक नजर में

## डॉ. अभिषेक श्रीवास्तव को पीएचडी की उपाधि



उज्जैन। सेज विश्वविद्यालय, इंदौर से डॉ. अभिषेक श्रीवास्तव को कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग में डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी (पीएचडी) की उपाधि सेज विश्वविद्यालय, इंदौर के दीक्षांत समारोह में लद्दाख के लेफ्टिनेंट गवर्नर कवीन्द्र गुप्ता ने प्रदान की। उनका शोध कार्य प्रेडिक्शन एंड आईडेंटीफिकेशन ऑफ कॉटन प्लांट डिसीज यूसिंग डीप लर्निंग टेक्निक विषय पर आधारित है। डॉ. अभिषेक श्रीवास्तव वर्तमान में शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय, उज्जैन (मध्यप्रदेश) में सूचना प्रौद्योगिकी विभागाध्यक्ष के पद पर कार्यरत हैं। डॉ. मनोज के. रमैया के कुशल मार्गदर्शन में किए गए इस शोध का मुख्य उद्देश्य डीप लर्निंग तकनीक का उपयोग कर कॉटन पौधों में होने वाली बीमारियों का प्रारंभिक चरण में पूर्वानुमान और पहचान करना रहा है। इस सफलता दिवाकर नातू, अश्विन नातू गणमान्य व्यक्तियों ने बधाइयां दी।

## आज होगी सशक्तिकरण पर चर्चा

उज्जैन। सहकारिता विभाग संभाग, उज्जैन एवं जिला सहकारी संघ मर्यादित उज्जैन द्वारा आयोजित 72वें अखिल भारतीय सहकारी सप्ताह 2025 में आज 18 नवंबर मंगलवार को दोपहर 3.30 बजे उज्जैन नागरिक सहकारी बैंक, घड़ीवाला कॉम्प्लेक्स पर युवाओं, महिलाओं और कमजोर वर्गों का सशक्तिकरण सहकारी उद्यमिता के माध्यम से हस्तशिल्प, हथकरघा, श्रम और मतस्य पालन सहित अन्य विषयों पर चर्चा होगी। 72वां अखिल भारतीय सहकारी सप्ताह 2025 सहकारिता विभाग संभाग उज्जैन एवं जिला सहकारी संघ मर्या. उज्जैन के संयुक्त तत्वावधान में जिले में कार्यरत विशिष्टि सहकारी संस्थाओं में आयोजित किया जा रहा है। सहकारी सप्ताह के मुख्य विषय आत्मनिर्भर भारत के माध्यम के रुप सहकारिता के अंतर्गत आज उज्जैन नागरिक सहकारी बैंक, घड़ीवाला कॉम्प्लेक्स पर युवाओं, महिलाओं और कमजोर वर्गों का सशक्तिकरण सहकारी उद्यमिता के माध्यम से हस्तशिल्प, हथकरघा, श्रम और मत्स्य पालन सहित दिवस मनाया जाएगा।

## माधव कॉलेज में विधायक की पाठशाला




उज्जैन। विद्यार्थीकाल आगामी जीवन के भविष्य को तय करता है। शिक्षा के साथ संस्कार का होना आवश्यक है। भारत भूमि संस्कारवान मनुष्यों की भूमि रही है। हम भारत भूमि को मां मानते हैं। हम भूमि को ईश्वरीय स्वरूप में देखते हैं, पश्चिम में ऐसा नहीं है। हमें पश्चिमी संस्कृति को नहीं अपनाना है। यह उद्गार उज्जैन उत्तर के विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा ने प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस माधव महाविद्यालय में आयोजित विधायकजी की पाठशाला में व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को प्रथम गुरु अर्थात माता-पिता का सम्मान पहले करना चाहिए। शिक्षा के साथ संस्कार आवश्यक है। माता-पिता की आज्ञा का पालन करने वाले भविष्य में सफल होते हैं। हममें राष्ट्रीयता की भावना भी होना चाहिए। मार्ग तय करने से भविष्य तय होता है। विधायकजी की पाठशाला से पूर्व महाविद्यालय द्वारा आयोजित जनजाति गौरव पखवाड़े के अंतर्गत प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। स्वागत वक्तव्य प्राचार्य प्रो कल्पना वीरेंद्र सिंह ने प्रस्तुत किया। प्राचार्य द्वारा ऑडिटोरियम के अभाव का उल्लेख करने पर विधायक कालूहेड़ा ने कहा कि उज्जैन में 6 करोड़ से बनने वाला ऑडिटोरियम प्रधानमंत्री कार्यालय आफ एक्सीलेंस में बनाया जाएगा। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के महामंत्री जगदीश पांचाल, पार्षद हेमंत गहलोत, जन भागीदारी के सदस्य लोकेंद्र सिंह तोमर एवं डॉ. भारती वर्मा विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम में मूल आदिवासी वेशभूषा में उपस्थित डॉ. राय सिंह सोलंकी एवं बसंती सोलंकी को अतिथियों ने सम्मानित किया। संचालन डॉ जफर महमूद ने किया। आभार कार्यक्रम संयोजक डॉ. ममता पवार ने माना।

## शासकीय मॉडल महिदपुर में मना बाल दिवस



महिदपुर। शासकीय मॉडल महिदपुर में बच्चों के लिए बाल दिवस समारोह आयोजित किया गया। बाल दिवस कार्यक्रम खुशी और उत्साह से भरा हुआ था। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अनुविभागीय अधिकारी अजय हिंगे तथा विशेष अधिकारी एसडीओपी जेंडेन लिंगजेरपा दोनों अतिथियों ने विद्यार्थियों को भावी जीवन हेतु मार्गदर्शन प्रदान किया तथा विद्यार्थियों का लगाए गए, स्टॉल का आनंद सभी अतिथियों, तथा शिक्षकों, विद्यार्थियों द्वारा लिया गया, तथा बाल दिवस के अवसर पर विद्यालय में बेच सेरेमनी कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। जानकारी विद्यालय प्राचार्य रामेश्वर सोनी द्वारा दी गई तथा कार्यक्रम में सभी शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों को बाल दिवस की शुभकामनाएं दी गई।

## स्वागत एवं सम्मान कार्यक्रम आयोजित



महिदपुर। महिदपुर अभिभाषक संघ उपाध्यक्ष पल्लव मुखिया की अध्यक्षता में अभिभाषक संघ महिदपुर की सदस्य मुस्कान मंसूरी के सिविल जज के रूप मे चयनित होने पर मुस्कान मंसूरी का स्वागत एवं सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर अभिभाषक संघ महिदपुर के सचिव शंकरसिंह तोमर एवं अन्य कार्यकारिणी सदस्य व समस्त अभिभाषकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम को वरिष्ठ अधिवक्ता सुरेश छजलानी, मनोज कुमार धाकड़, विजय धाड़ीवाल, भूपेंद्र कुमार गुलाटी एवं नितु जैन द्वारा संबोधित किया गया एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित की गई। संचालन सचिव शंकरसिंह तोमर ने किया। आभार अभिभाषक संघ महिदपुर के उपाध्यक्ष पल्लव मुखिया ने माना। जानकारी अभिभाषक संघ मीडिया प्रभारी मुर्तजा बोहरा ने दी।

# रक्षा तकनीक में आत्मनिर्भरता ही विकसित भारत की नींव है : मिश्रा

**23वीं अखिल भारतीय सद्भावना व्याख्यानमाला के शुभारंभ प्रसंग पर हुए प्रेरक व्याख्यान**



उज्जैन। भारत की ऊर्जा सुरक्षा आज कई मोर्चों पर चुनौती बन चुकी है। तेल-गैस जैसी जीवनरेखा जिन देशों पर निर्भर है, वे हमारे स्थायी मित्र नहीं। पड़ोसी देशों की अस्थिरता अलग खतरा है। हमारे प्राकृतिक संसाधन सीमित हैं, पर 140 करोड़ बुद्धिमान भारतीय—यही हमारी सबसे बड़ी शक्ति हैं। और इसी शक्ति को सुरक्षित रखने के लिए—रक्षा तकनीक में आत्मनिर्भरता केवल विकल्प नहीं बल्कि आवश्यकता है। जिस राष्ट्र की सुरक्षा क्षमता उसके अपने हाथों में होती है, वही राष्ट्र आत्मविश्वास के साथ विश्व के बीच खड़ा होता है। यही विकसित भारत की नींव है।

उक्त विचार भारतीय ज्ञानपीठ द्वारा आयोजित कर्मयोगी स्व. कृष्ण मंगल सिंह कुलश्रेष्ठ की प्रेरणा से और पद्मभूषण डॉ. शिवमंगल सिंह सुमन की स्मृति में आयोजित 23 वीं अखिल भारतीय सद्भावना व्याख्यानमाला के शुभारंभ प्रसंग पर भारत के सुप्रसिद्ध रक्षा वैज्ञानिक, पूर्व महानिदेशक ब्रह्मोस, डीआरडीओ, रक्षा मंत्रालय भारत, माननीय डॉ. सुधीर कुमार मिश्रा ने व्यक्त किए। विकसित भारत की यात्रा में रक्षा प्रौद्योगिकी का योगदान विषय पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत करते हुए डॉक्टर मिश्रा ने कहा कि—2047 तक हमारे पास 80 करोड़ युवा मस्तिष्क होंगे। यह कोई साधारण संख्या नहीं—यह दुनिया की सबसे बड़ी बौद्धिक सेना है। पर केवल संख्या नहीं, दिशा भी चाहिए। जीडीपी में हम भले पांचवें स्थान पर हों, पर विकसित बनने का रास्ता जीडीपी से नहीं, प्रति व्यक्ति आय से तय होता है। आज हमारी प्रति व्यक्ति आय का स्थान 142वां है—और यह वह सच्चाई है जिसे समझे बिना विकास का दावा अधूरा है।

एक विकसित राष्ट्र तभी बनता है जब नागरिकों को उत्तम भोजन मिले, शिक्षा सुदृढ़ हो, स्वास्थ्य सबके लिए उपलब्ध हो, आवास सुरक्षित हो, संचार और आवागमन विश्वस्तरीय हो, और लाइफ़ एक्सपेक्टेंसी निरंतर बढ़ती रहे।

मिश्रा ने स्पष्ट कहा—भारत को केवल 10-12 औद्योगिक शहरों से नहीं चलना। 140 करोड़ लोगों के लिए सौ नए औद्योगिक नगर चाहिए—ऐसे नगर जो पुणे और बेंगलुरु को चुनौती दें और उनसे आगे निकलें। नए भारत के लिए नए शहर, नई तकनीक और नई सोच अनिवार्य है। अंत में उनका संदेश—2047 का विकसित भारत कोई कल्पना नहीं; यह एक प्रतिज्ञा है। यह प्रतिज्ञा तभी पूरी होगी जब हम सच बोलने का साहस रखें, छोटे-छोटे लक्ष्य तय करें, और उन्हें पूरा करने का संयम रखें। भारत जितना रक्षा तकनीक में आत्मनिर्भर होगा, उतना ही विकसित भारत का सपना वास्तविकता में बदलेगा। व्याख्यानमाला की अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ शिक्षाविद, विचारक तथा महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय, उज्जैन के पूर्व कुलगुरु डॉ. मोहन गुप्त ने कहा कि विकसित भारत की कल्पना तभी सार्थक होगी, जब हम लोगों को सामाजिक सरोकारों से गहरे रूप में जोड़ पाएं। कार्यक्रम का आरंभ संस्थान की शिक्षिकाओं द्वारा सद् भावना गीत की प्रस्तुतियों के साथ हुआ। अतिथि स्वागत संस्थान प्रमुख युधिष्ठिर कुलश्रेष्ठ, बृज किशोर शर्मा ने किया। दीप प्रज्वलन प्रेम नारायण नागर, स्वदेश शर्मा, विश्वास शर्मा, प्रो. बीके आंजना, नीलांजल कुलश्रेष्ठ ने किया। इस अवसर पर प्रमोद सूद, संजय कुलकर्णी, अतुल करंदीकर, एआर मेघवंशी, अशोक कुमार महाजन, संध्या महाजन, अद्विता श्रीवास्तव, पीके गार्गव, डॉ. एसएन पांडे, डॉ. विनोद बैरागी, श्याम कुमार सिकरवार, किशोर जोशी, डॉ. दिनेश जैन, डॉ. सीमा जोशी, महेश कानूनगो, प्रदीप शर्मा, सौरभ शर्मा, बीएस भार्गव सहित शहर के गणमान्य बौद्धिक जन उपस्थित थे।



## मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण कार्य जारी

माकड़ोन। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर क्षेत्र में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य लगातार जारी है। बीएलओ घर-घर पहुंचकर मतदाताओं की विस्तृत जानकारी एकत्र कर रहे हैं। नवविवाहिता, पलायन कर क्षेत्र में आए नए निवासी तथा स्थान परिवर्तन करने वाले नागरिकों का विशेष रूप से पंजीयन किया जा रहा है। मतदाताओं के नाम एक से अधिक स्थानों पर दर्ज न हों, इसे सुनिश्चित करने के लिए बीएलओ द्वारा गहन सत्यापन किया जा रहा है। मतदाताओं से 2003 की मतदाता सूची, रिश्तेदारों के नाम, सरल क्रमांक, भाग संख्या, विधानसभा एवं जिला संबंधी जानकारी लेकर विस्तृत मैपिंग की जा रही है। बीएलओ द्वारा नागरिकों को गणना फॉर्म उपलब्ध कराए गए हैं, जिन्हें निर्धारित समय में भरकर वापस जमा करवाना आवश्यक है। कई मतदाता फॉर्म भरकर बीएलओ को सौंप भी चुके हैं।

## अभिभाषक संघ नागदा के दिसंबर में चुनाव, चुनाव अधिकारी की नियुक्ति

नागदा। अभिभाषक संघ नागदा जिला उज्जैन के माह दिसंबर 2025 में संघ के दो वर्ष के कार्यकाल के लिए चुनाव संपन्न करवाने के लिए संघ अध्यक्ष-विजय वर्मा, उपाध्यक्ष-गोपालसिंह देवड़ा, सचिव-प्रवीण जटिया, कोषाध्यक्ष जयेश जोशी, पुस्तकालय सचिव कान्ता सरोज एडवोकेट ने मुख्य चुनाव अधिकारी के रूप में वरिष्ठ अभिभाषक लक्ष्मीनारायण लोहरवाड एडवोकेट को नियुक्त किया है। मुख्य चुनाव अधिकारी चुनाव संपन्न करवाने के लिए संघ के अधिवक्ताओं में से अपनी इच्छानुरूप दो अधिवक्ताओं को सहायक चुनाव अधिकारी के रूप में नियुक्त करने के लिए स्वतंत्र रहने पर मुख्य चुनाव अधिकारी लोहरवाड ने भी तत्काल प्रवीणसिंह चौहान एडवोकेट और लक्ष्मण सुंदरा एडवोकेट को चुनाव सम्पन्न करवाने हेतु सहायक चुनाव अधिकारी नियुक्त कर दिया।

## शासकीय महाविद्यालय माकड़ोन में बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती धूमधाम से मनाई




माकड़ोन। शासकीय महाविद्यालय माकड़ोन में बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति उत्साहपूर्ण और सराहनीय रही। भोपाल से हो रहे मुख्य कार्यक्रम का सीधा प्रसारण महाविद्यालय में किया गया, जिसका लाभ विद्यार्थियों ने कंप्यूटर स्क्रीन के माध्यम से लिया। सीधा प्रसारण के दौरान मध्य प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जनजाति गौरव दिवस पर बच्चों को मार्गदर्शन दिया। वहीं मध्य प्रदेश के महामहीम राज्यपाल डॉ. मंगू भाई पटेल ने भगवान बिरसा मुंडा के जीवन पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए बताया कि उन्होंने कम आयु में ही मातृभूमि की स्वतंत्रता के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया। सादगीपूर्ण जीवन जीते हुए वे सदैव गरीबों एवं वंचितों के उत्थान के लिए समर्पित रहे। अंग्रेजों द्वारा बंदी बनाए जाने के बाद अल्प आयु में उनके बलिदान ने स्वतंत्रता आंदोलन को नई दिशा दी। अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार दीक्षित ने की। उन्होंने भगवान बिरसा मुंडा के संघर्षों और जीवन मूल्यों को विद्यार्थियों के सामने रखते हुए कहा कि महापुरुषों के आदर्शों से प्रेरणा लेकर जीवन में संघर्षों को सकारात्मक रूप से अपनाना चाहिए। प्राचार्य के मार्गदर्शन में महाविद्यालय में विभिन्न सांस्कृतिक एवं सृजनात्मक प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया, जिनमें भाषण प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता एवं रंगोली प्रतियोगिता प्रमुख रहीं। इन कार्यक्रमों में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया और भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को यादगार बनाया। तकनीकी सहयोग गणित विभाग के प्रोफेसर डॉ. ओमप्रकाश गुप्ता द्वारा प्रदान किया गया। जानकारी महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ. नरेंद्र सरिया ने दी।

## ध्वस्त पड़ी यातायात व्यवस्था में सुधार के लिए असंगठित ई-रिक्शा चालक




उज्जैन। धार्मिक नगरी उज्जैन में ध्वस्त पड़ी यातायात व्यवस्था में सुधार की मांग को लेकर असंगठित ई-रिक्शा चालक/परिचालक संघ ने टॉवर चौक पर प्रदर्शन किया तथा प्रधानमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। साथ ही प्रायवेट ट्रांसपोर्ट का गठन करने की मांग की गई।

असंगठित ई-रिक्शा चालक/परिचालक संघ जिला अध्यक्ष विजय जैन ने बताया कि विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर दर्शन करने आने वाले श्रद्धालुओं एवं वाहनो की बढ़ती संख्या से यातायात प्रभावित हो रहा है। पब्लिक ट्रान्सपोर्ट में उपयोग होने वाले छोटे वाहन जैसे मैजिक, आटो-रिक्शा, ई-रिक्शा, कार शहर में अनियंत्रित दोड़ते है और बाहर से आने वाले वाहनो से यातायात जाम होता है इस हेतु शहर के कई प्रबुद्ध संस्था संगठन और ई-रिक्शा चालक संघ भी मांग करता है कि महाकालेश्वर क्षेत्र से 1.5 से 2 किमी. दूर पार्किंग बनाई जावे। महाकाल क्षेत्र के सभी पार्किंग बंद किए जावे, यातायात अधिनियम के अन्तर्गत जैसे ई-रिक्शा, ऑटो रिक्शा, मैजिक को चलाने के लिए आरटीओ ने जो नियम व निर्देश जारी किये है, उनका पालन कराया जाये। यातायात व्यवस्था में कार्यरत पुलिस कर्मियों की संख्या कम होने से यातायात पुलिस यातायात को कंट्रोल करने में असफल रहता है, इसलिये यातायात पुलिस के स्टॉफ मे बढ़ोत्तरी की जाये। इस विषय पर गंभीरतापूर्वक ध्यान देते हुए बनाए गये नियम, निर्देशो का पालन करने की, गाड़ीयो के बीमा, फिटनेस तथा रजिस्ट्रेशन की अतिशीघ्र जांच की जाकर वैधानिक कार्यवाही कर रजिस्ट्रेशन लिमिटेशन खत्म होने पर ऐसे वाहनो को तत्काल प्रतिबंधित किया जावे। उज्जैन महाकालेश्वर से ओमकारेश्वर व अन्य प्राचिन मंदिरों तक चलने वाले कार व टेक्सी में प्रायवेट वाहनों का उपयोग करने वाले व्यक्तियों पर भी अंकुश लगाएं। मध्यप्रदेश सरकार ने विगत काफी समय पूर्व प्रायवेट ट्रांसपोर्ट का गठन किया गया है, जिसका क्रियान्वयन आज दिनांक तक नही किया गया है। अतिशीघ्र बोर्ड का गठन कर चालक/परिचालको के लिए जनकल्याणकारी योजनाएँ बनाकर लाभ पहुंचाने का कार्य किया जाए। इस दौरान जिला महामंत्री अशोक गोमे, संरक्षक लक्ष्मीनारायण रजक, कोषाध्यक्ष रमेश रघुवंशी, प्रकाश चौहान, रफिक भाई आदि उपस्थित रहे।

## मुस्कान अभियान अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम संपन्न

नागदा। 17 नवंबर को पुलिस थाना नागदा द्वारा क्षेत्र में स्थित फातिमा स्कूल में मुस्कान अभियान के अंतर्गत एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान थाना प्रभारी नागदा ने विद्यालय के बच्चों और बच्चियों को संबोधित करते हुए उन्हें सुरक्षा, सतर्कता और एक जिम्मेदार नागरिक बनने से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम में विशेष रूप से निम्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर बच्चों को जागरूक किया कि नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई गई तथा नशे से होने वाले नुकसान और भविष्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों के बारे में बताया गया। ऑनलाइन फ्रॉड, साइबर क्राइम और सोशल मीडिया सुरक्षा के बारे में बच्चों को सरल भाषा में समझाया गया कि कैसे अजनबियों से बात न करें, ओटीपी, पर्सनल डिटेल साझा न करें। गुड टच-बैड टच के बारे में जागरूक करते हुए ऐसी स्थिति में तुरंत माता-पिता, शिक्षकों या पुलिस से संपर्क करने की सलाह दी गई। ट्रैफिक नियमों का पालन, हेलमेट, सीट बेल्ट का उपयोग, सड़क पार करते समय सावधानी जैसे बिंदुओं पर जोर दिया गया। मारपीट, बुलिंग और गलत संगत से दूरी बनाने की समझाइश दी गई और किसी भी गलत गतिविधि की जानकारी तुरंत स्कूल प्रशासन या पुलिस को देने का आग्रह किया गया। थाना प्रभारी ने बच्चों से कहा कि आप ही देश का भविष्य हैं, सही आदतें और सही मार्ग आपका जीवन उज्ज्वल बनाती हैं। पुलिस हमेशा आपकी सुरक्षा और मदद के लिए तत्पर है।




## समाज के लिए किए गए कार्यों से बिरसा मुंडा भगवान बने

बड़नगर। बिरसा मुंडा जन्म से भगवान नही थे। वह भगवान अपने कर्म और समाज के लिए किए गए कार्यों से बने समाज ने उन्हें भगवान के रूप में स्वीकार किया। यह बात भगवान बिरसा मुंडा के जीवन परिचय से भी साबित होती है। आप सभी समाज कार्य के छात्र हैं और समाज के बीच उत्कृष्ट कार्य कर अपनी पहचान स्थापित करें।

उक्त विचार शासकीय महाविद्यालय में मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के तहत संचालित समाज कार्य के छात्र-छात्राओं की संपर्क कक्षा में बिरसा मुंडा की जयंती पर आयोजित गौरव दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुवे जन अभियान परिषद की विकासखंड समन्वयक रेणुका श्रोत्रिय ने व्यक्त किए।

इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता चेतन पुरी गोस्वामी ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने जल जंगल एवं जमीन के लिए तो समाज को जागरूक किया ही उन्होंने अंग्रेजों से भी विद्रोह कर क्रांति की अलख जगाई थी। गौरव दिवस पर आयोजीत कार्यक्रम में मेंटर आशुतोष शर्मा एवं जीवन शर्मा ने भी भगवान बिरसा मुंडा के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उपस्थित छात्र-छात्राओं को उनके प्रेरणादाई प्रसंग बताएं।

**एक नजर** — **बिरसा मुंडा व बाबा साहब डॉ. अंबेडकर की तस्वीर पर माल्यार्पण कर की कार्यक्रम की शुरूआत**

## अजाक्स की संभागीय बैठक व आमसभा आयोजित



उज्जैन। सांगोड रोड स्थित उत्कृष्ट विद्यालय रतलाम में अजाक्स उज्जैन संभाग द्वारा जनजातीय नायक भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के अवसर पर संभागीय बैठक एवं आमसभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत संभाग अध्यक्ष जगन्नाथ बागड़ी के नेतृत्व में भगवान बिरसा मुंडा एवं बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की तस्वीर पर माल्यार्पण कर की गई। बैठक में अजाक्स के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रांती सचिव महेश, विरोलिया डॉ. प्रवीण बघेल, पूर्व अध्यक्ष चंद्रशेखर लश्करी, तथा विद्यालय के प्राचार्य कुमावत उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संभाग अध्यक्ष जगन्नाथ बागड़ी ने की। संभागीय महासचिव रमेश कटारिया और सचिव विक्रम सिंह परमार ने कहा कि बिरसा मुंडा ने जल-जंगल-जमीन के अधिकारों के लिए अपना अमूल्य बलिदान दिया। जयंती के अवसर पर उनके शौर्य, बलिदान और जनजातीय गौरव को नमन करते हुए कार्यक्रम आयोजित किया गया। बैठक में 23 नवंबर 2025 को भोपाल में होने वाले अधिवेशन की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। यह अधिवेशन बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर परिसर, तुलसी नगर, भोपाल में आयोजित होगा। जिसमें उज्जैन जिले से बड़ी संख्या में लोगों के पहुंचने की अपेक्षा है। यात्रा एवं व्यवस्था को लेकर उज्जैन संभाग के सभी जिलों, तहसील एवं ब्लॉकों में बैठकें आयोजित की जा रही हैं। कार्यक्रम में आर. सी. मेड़ा ने आभार व्यक्त किया। अंत में अतिथियों को डॉ. भीमराव अंबेडकर की तस्वीर भेंटकर सम्मानित किया गया। इस दौरान खरे जी, विनोद कटारिया, शैलेंद्र मैना, विशाल कंडारे, पद्मा चावरे, हीरालाल एरवाल, अविनाश कटारिया, एसआर डामोर, केशर देवी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। संभागीय अध्यक्ष जगन्नाथ बागड़ी ने जिला प्रभारी की जिम्मेदारी चंद्रशेखर लश्करी को सौंपी।